हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। प्रधानमंत्री ने सभी दलों के सांसदों से आज से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह किया है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा विश्व भारत की सैन्य शक्ति का साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के मास्टर माइंड को और उनके ठिकानों में ही ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सिर्फ 22 मिनट में अपने मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी के हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देकर अधिकतर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न देशों की यात्रा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की भूमिका का भंडाफोड़ करने के लिए अत्यधिक प्रभावशाली अभियान का समेकित नेतृत्व किया ।

श्री मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में चल रहे अनुसंधान और विकास को बहुप्रतीक्षित प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इससे देश के युवाओं के लिए नवाचार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि कई देशों में यूपीआई की लोकप्रियता बढ़ने के साथ डिजिटल भारत विश्व में धूम मचा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि फिनटेक की दुनिया में यह एक जाना-पहचाना नाम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था। उन्होंने आज कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज गति से आगे की ओर बढ़ रहा है।

****

हरियाणा सरकार ने विपक्ष द्वारा राज्य में अपराध दर को लेकर दिए गए बयानों को भ्रामक वी तथ्यहीन बताया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि सरकार 'ज़ीरो टॉलरेंस फॉर क्राइम' की नीति पर काम करते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए सार्थक कदम उठा रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहद गंभीर है और गत दिनों उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मजबूत और प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखने के स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पिछले वर्षों की तुलना में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए काम किया गया है। नशा माफिया और गैंगस्टरों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि विपक्ष द्वारा जनता में भय का माहौल पैदा करने और गुमराह करने का काम किया जा रहा है। विपक्ष के नेता यदि एक बार पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2004 से 2014 तथा 2014 से 2024 के जारी किए गए तथ्यात्मक आंकड़े देख लेते तो शायद वे इस तरह की बयानबाजी नहीं करते।

****
****

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कल फरीदाबाद के सेक्टर-9 बाईपास स्थित हरित पट्टी में एक विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की।

श्री गोयल ने कहा कि प्रगति और प्रकृति के बीच संतुलन ही सतत विकास की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ, हरित और जीवनदायी बनाए रखने की दिशा में दीर्घकालिक जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरित पट्टी के रूप में चिह्नित इस क्षेत्र को एक मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

****

अरावली पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने और पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य से 27 जुलाई से "मातृ वन अभियान" की शुरुआत होगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व श्री भूपेंद्र यादव पौधरोपण की शुरुआत करेंगे।इस दौरान शिव नादर स्कूल से घाटा चौक तक लगभग 20 हजार पौधे रोपे जाएंगे।

हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि यह अभियान अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के तहत चलेगा, जिसमें तीन परत वाला हरित वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से प्रेरित है। वन मंत्री ने "मातृ वन अभियान" को
हरियाली, जल संरक्षण और वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम बताया और जिलेवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने कहा है कि 30 व 31 जुलाई को आयोजित करवाई जा रही एचटेट परीक्षा-2024 के लिए किसी भी विद्यालय या संस्थान के भवन में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा।

भिवानी में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए डा. पवन कुमार ने कहा कि बोर्ड द्वारा इस बारे सभी विद्यालयों व संस्थानों के मुखियों को पत्र के माध्यम से भी सूचित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में कुल 673 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा देने वाले सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कर दिए जाएंगे।

****